**अभ्यास परीक्षा प्रश्न-पत्र (2020-21)**

कक्षा- 10

विषय-हिंदी (अ) (कोड- 002)

निर्धारित समय: 3 घंटा अधिकतम अंक-80

**निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए :**

- इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं: अ और ब । खंड 'अ' में कुल 9 वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
- प्रश्नों के विविध खंडों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखते हुए सुलेख और स्वच्छता का ध्यान रखें ।

**खंड 'अ' बहुविकल्पीय प्रश्न** **(40)**

| | | |
|---|---|---|
| अपठित बोध | | (10) |
| प्रश्न 1. | नीचे **2** गद्यांश दिए गए हैं । किसी **1** गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - | 5X1= 5 |

मेरा देश भारत संसार के देशों का सिरमौर है | यह प्रकृति की पुण्यलीला स्थली है | माँ भारती के सिर पर हिमालय मुकुट के समान शोभायमान है | गंगा तथा यमुना इसके गले के हार हैं | दक्षिण में हिंद महासागर भारत माता के चरणों को निरंतर धोता रहता है | इस देश की उर्वरा धरती अन्न के रुप में सोना उगलती रहती है | संसार में केवल यही एक देश है जहाँ षडऋतुओं का आगमन होता है | गंगा, यमुना, सतलुज, व्यास, गोमती, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी अनेक ऐसी नदियाँ हैं जो अपने अमृत-जल से इस देश की धरती की प्यास शांत करती हैं | हमारा प्यारा देश "विश्व गुरु" रहा है | यहाँ की कला, ज्ञान-विज्ञान, ज्योतिष, आयुर्वेद संसार के प्रकाशदाता रहे हैं | यह देश ऋषि-मुनियों, धर्म-प्रवर्तकों तथा महान कवियों ने बनाया है | त्याग हमारे देश का सदैव से मूलमंत्र रहा है | जिसने त्याग किया वही महान कहलाया | बुद्ध, महावीर, दधीचि, रतिदेव, राजा शिवि, रामकृष्ण परमहंस, गांधी इत्यादि महान विभूतियाँ इसका जीता-जागता प्रमाण हैं | भारत पर प्रकृति की विशेष कृपा है | यहाँ पर खनिज पदार्थों का पर्याप्त भंडार है | अपनी अपार संपदा के कारण ही इसे सोने की चिड़िया कहा गया |

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए:**

| | |
|---|---|
| I | उपरोक्त गद्यांश किस विषय वस्तु पर आधारित है ?<br>1. विश्व-बंधुत्व<br>2. सांप्रदायिक एकता<br>3. भारत - महिमा<br>4. षडऋतु - वर्णन |
| II | माँ भारती के सिर पर हिमालय को मुकुट के समान शोभायमान क्यों बताया जाता है ?<br>1. हिमालय से निकलने वाली नदियों के कारण<br>2. अपने विशाल बर्फीले पर्वत शिखरों के कारण<br>3. चमकीले पत्थरों के कारण |

| | |
|---|---|
| | 4. औषधीय वनस्पतियों के कारण |
| III | हमारे देश की धरती अन्न के रूप में सोना कैसे उगलती है ?<br>1. देश में भरपूर अनाज उत्पन्न होता है<br>2. अनाज कुछ समय बाद सोना बन जाता है<br>3. हमारे देश में सोने की बड़ी-बड़ी खाने हैं<br>4. फसल को बेचकर सोना खरीदा जाता है |
| IV | 'षडऋतु आगमन' से क्या अभिप्राय है ?<br>1. छह प्रकार की फसलों का आना<br>2. जीवन के छह चक्रों का क्रम<br>3. मौसम के बदलने का संकेत<br>4. छह ऋतुओं का आना |
| V | गद्यांश के अनुसार बुद्ध, महावीर, रामकृष्ण परमहंस, गाँधी जी आदि कब महान कहलाये ?<br>1. योग साधना करने पर<br>2. उच्च-शिक्षा प्राप्त करने पर<br>3. त्याग करने पर<br>4. समाज सेवा करने पर |

**अथवा**

यह बिल्कुल सत्य है कि, "स्वास्थ्य ही धन है"। क्योंकि, हमारा शरीर ही हमारी सभी अच्छी और बुरी सभी तरह की परिस्थितियों में हमारे साथ रहता है। इस संसार में कोई भी हमारे बुरे समय में मदद नहीं कर सकता है, इसलिए, यदि हमारा स्वास्थ्य ठीक है, तो हम अपने जीवन में किसी भी बुरी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। यदि कोई स्वस्थ नहीं है, तो वह अवश्य ही जीवन का आनंद लेने के स्थान पर जीवन में स्वास्थ्य संबंधी या अन्य परेशानियों से पीड़ित होगा/ होगी।

आम कहावत "स्वास्थ्य ही धन है" का अर्थ बहुत ही साधारण और सरल है। इसका अर्थ है कि, हमारा अच्छा स्वास्थ्य ही हमारी वास्तविक दौलत या धन है, जो हमें अच्छा तन - मन देता है और हमें जीवन की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाता है। अच्छा स्वास्थ्य अच्छे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। मैं इस कहावत से पूरी तरह से सहमत हूँ कि, स्वास्थ्य ही वास्तविक धन है, क्योंकि यह सभी पहलुओं पर हमारी मदद करता है। अच्छा स्वास्थ्य हमें मानसिक और शारीरिक व्याधियों से बचाने के साथ ही अन्य चिकित्सकीय परिस्थितियों से जिनमें मधुमेह (डायबिटीज), कैंसर, हृदय रोग, घातक बीमारियाँ आदि शामिल हैं, से बचाता है । एक शारीरिक और आन्तरिक रुप से अस्वस्थ व्यक्ति को अपने पूरे जीवनभर में बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यहाँ तक कि उसे अपनी नियमित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किसी और पर निर्भर रहना पड़ता है।

इसलिए, अन्त में सभी प्रकार से खुश रहने के लिए और अपने सभी कार्यों को स्वंय करने के लिए अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना अच्छा होता है। यह सत्य है कि, अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए हमें धन की आवश्यकता होती है और धन कमाने के लिए अच्छे स्वास्थ्य की। लेकिन यह भी सत्य हैं कि, हमारा अच्छा स्वास्थ्य हर समय हमारी मदद करता है और हमें केवल धन कमाने के स्थान पर अपने जीवन में कुछ बेहतर

| |
|---|
| करने के लिए प्रोत्साहित करता है। |

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:-

| | |
|---|---|
| I | सबसे बड़ा सुख क्या है ?<br>1. धन-संपदा<br>2. योग-प्राणायाम<br>3. ईश्वर-भक्ति<br>4. उत्तम-स्वास्थ्य |
| II | अच्छा स्वास्थ्य किसे बढ़ावा देता है ?<br>1. हम शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुर्गुणों से भर जाते हैं<br>2. हमारा मष्तिष्क तीव्रता से कार्य करने लगता है<br>3. शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को बढाता है<br>4. अशांत मन को शांत करता है |
| III | कई प्रकार की घातक बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है ?<br>1. हरी सब्जियाँ, तथा ज्यादा मात्रा में प्रोटीन युक्त भोजन से<br>2. संतुलित भोजन से<br>3. नियमित रूप से टहने से<br>4. योग व परिश्रम करते हुए संयमित जीवन शैली अपनाने से |
| IV | मधुमेह की बीमारी किस कारण होती है ?<br>1. शर्करा युक्त पदार्थों के ज्यादा सेवन से<br>2. शर्करा युक्त पदार्थों के कम सेवन से<br>3. कठिन परिश्रम न करने से<br>4. कम सोने से |
| V | 'पहला सुख ...........' कहावत को पूर्ण करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प होगा -<br>1. सब मोह-माया<br>2. निरोगी काया<br>3. निरोगी माया<br>4. अपना-पराया |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न2.** | **निम्नलिखित में से किसी *<u>एक</u>* पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** | **5 X1=5** |

| |
|---|
| जिसमें स्वदेश का मान भरा<br>आजादी का अभिमान भरा<br>जो निर्भय पथ पर बढ़ आए<br>जो महाप्रलय में मुस्काए |

| |
|---|
| जो अंतिम दम तक रहे डटे<br>दे दिए प्राण, पर नहीं हटे<br>जो देश-राष्ट्र की वेदी पर<br>देकर मस्तक हो गए अमर<br>ये रक्त-तिलक-भारत-ललाट!<br>उनको मेरा पहला प्रणाम<br>फिर वे जो आँधी बन भीषण<br>कर रहे आज दुश्मन से रण<br>बाणों के पवि-संधान बने<br>जो ज्वालामुख-हिमवान बने<br>हैं टूट रहे रिपु के गढ़ पर<br>बाधाओं के पर्वत चढ़कर<br>जो न्याय-नीति को अर्पित हैं<br>भारत के लिए समर्पित हैं।<br>कीर्तित जिससे यह धरा धाम<br>उन वीरों को मेरा प्रणाम।<br>श्रद्धानत कवि का नमस्कार<br>दुर्लभ है छंद-प्रसून हार<br>इसको बस वे ही पाते हैं<br>जो चढ़े काल पर आते हैं !<br>हुंकृति से विश्व कंपाते हैं<br>पर्वत का दिल दहलाते हैं<br>रण में त्रिपुरांतक बने शर्व<br>कर ले जो रिपु का गर्व खर्च<br>जो अग्नि-पुत्र, त्यागी, अकाम<br>उनको अर्पित मेरा प्रणाम! |

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:**

| | |
|---|---|
| I | कवि किन वीरों को प्रणाम करता है ?<br>1. जो सैनिक हैं<br>2. जिनमें देश के लिए स्वाभिमान भरा है<br>3. जो सामाजिक उत्थान के कार्य में लगे हैं<br>4. जो दुनियादारी के बंधन से मुक्त हैं |
| II | कवि ने भारत के माथे का लाल चंदन किन्हें कहा है?<br>1. जो सीमा पर पहरा देते हैं<br>2. जिन्होंने अपने शत्रुओं का नाश किया है<br>3. जिन्होंने देश की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए |

| | |
|---|---|
| | 4. क्रन्तिकारी |
| III | प्रस्तुत पद्यांश में निहित मूल रस कौन-सा है?<br>1. रौद्र<br>2. करुण<br>3. हास्य<br>4. वीर |
| IV | 'हैं टूट रहे रिपु के गढ़ पर' पंक्तियों का क्या अर्थ है ?<br>1. शत्रुओं के ठिकाने पर झंडा फहरा दिया<br>2. शत्रुओं को घर से बाहर भगा दिया है<br>3. विपक्षियों को मैदान छोड़ कर जाने को विवश कर दिया<br>4. शत्रुओं के ठिकाने पर हमला कर दिया |
| V | पद्यांश का उचित शीर्षक होगा -<br>1. साहसी मानव<br>2. अदम्य साहस<br>3. वीरों को मेरा प्रणाम<br>4. वीरों का होगा स्वागत |

**अथवा**

रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी जमीन, जिसका श्रम है;
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है।
आजादी है। अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आजादी है। अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का।
गौरव की भाषा नई सीख, भिखमंगो - सी आवाज बदल
सिमटी बाँहों को खोल गरुड़, उड़ने का अब अंदाज बदल।
स्वाधीन मनुज की इच्छा के आगे पहाड़ हिल सकते हैं;
रोटी क्या? ये अंबरवाले सारे सिंगार मिल सकते हैं।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:

| | |
|---|---|
| I | आज़ादी क्यों आवश्यक है ?<br>1. परिश्रम का फल पाने व मेहनत करने के लिए<br>2. परिश्रम का फल पाने व शोषण का विरोध करने के लिए<br>3. भर-पेट भोजन करने और चैन से जीने के लिए<br>4. अपने प्राण न्योछावर कर देने के लिए |
| II | सच्चे अर्थों में रोटी पर किसका अधिकार है?<br>1. जो अनाज को दान स्वरुप प्राप्त करता है<br>2. जो अनाज को खरीद कर खाता है<br>3. जो अपनी जमीन पर श्रम करके अनाज पैदा करता है |

| | |
|---|---|
| | 4. जो रोटी बनवाता है |
| III | निम्न में से किन पंक्तियों में कवि गिडगिडाना छोड़ कर स्वाभिमानी बनने को कह रहा है-<br>1. रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी जमीन, जिसका श्रम है;<br>2. गौरव की भाषा नई सीख, भिखमंगो सी आवाज बदल<br>3. आजादी है। अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का।<br>4. सिमटी बाँहों को खोल गरुड़, उड़ने का अब अंदाज बदल। |
| IV | 'सिमटी बाँहों को खोल गरुड़' पंक्ति में 'गरुड़' किसे कहा गया है?<br>1. गरुड़ पक्षी को<br>2. मनुष्य को<br>3. शोषण करने वालों को<br>4. अपराधियों को |
| V | 'पहाड़ हिला देना' का क्या अर्थ है ?<br>1. असंभव<br>2. संभव<br>3. बहुत मुश्किल कार्य को कर देना<br>4. बहुत मुश्किल कार्य को न कर पाना |

| | | |
|---|---|---|
| | **व्यावहारिक व्याकरण** | **(16)** |
| **प्रश्न3.** | **निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** | 4 |

| | |
|---|---|
| I | 'वह इतनी तेजी से चलता है कि उसके साथ चलना मुश्किल हो जाता है' **रचना के आधार पर वाक्य भेद है -**<br>1. सरल वाक्य<br>2. संयुक्त वाक्य<br>3. मिश्र वाक्य<br>4. उप-वाक्य |
| II | निम्नलिखित में **संयुक्त वाक्य है -**<br>1. जो व्यक्ति परिश्रमी होता है, वह कभी-भी भूखा नहीं रहता है ।<br>2. साहिल घर गया और बैठने के लिए कुर्सी लाया ।<br>3. जब साहिल घर गया तब बैठने के लिए कुर्सी लाया ।<br>4. मयंक को पढ़ने के लिए नयी पुस्तक मिली । |
| III | 'बाहर एक आदमी खड़ा है <u>जो आपको ढूंढ रहा है</u> ।' **रेखांकित उपवाक्य का भेद है -**<br>1. संज्ञा आश्रित उपवाक्य<br>2. विशेषण आश्रित उपवाक्य<br>3. क्रिया - विशेषण आश्रित उपवाक्य<br>4. सर्वनाम आश्रित उपवाक्य |

| | | |
|---|---|---|
| IV | 'मेरे जीवन का उद्देश्य है कि मैं वैज्ञानिक बनूँ'। का **सरल वाक्य भेद होगा -**<br>1. मेरे जीवन का एक उद्देश्य है और वह यह कि मैं वैज्ञानिक बनूँ।<br>2. मेरे जीवन का उद्देश्य वैज्ञानिक बनना है।<br>3. मैं वैज्ञानिक बनूँ, यही मेरे जीवन का एकमात्र उद्देश्य है।<br>4. मेरे जीवन का उद्देश्य है वैज्ञानिक बनना। | |
| V | उपवाक्य के **भेद** होते हैं -<br>1. एक - संज्ञा आश्रित<br>2. दो - संज्ञा आश्रित एवं विशेषण आश्रित<br>3. तीन - संज्ञा आश्रित, विशेषण आश्रित एवं क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य आश्रित<br>4. चार - संज्ञा आश्रित, विशेषण आश्रित, सर्वनाम आश्रित एवं क्रिया-विशेषण आश्रित | |
| **प्रश्न4.** | **निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** | 4 |
| I | 'गाँधी जी ने दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढाया।' वाक्य का **वाच्य भेद** होगा -<br>1. भाव वाच्य<br>2. कर्तृ वाच्य<br>3. कर्म वाच्य<br>4. करण वाच्य | |
| II | 'सर्दियों में भालू शीतल जल से नहीं नहाता।' वाक्य को **कर्म वाच्य** में बदलिए -<br>1. सर्दियों में भालू नहीं नहाता।<br>2. सर्दियों में भालू द्वारा शीतल जल से नहीं नहाया जाता।<br>3. भालू सर्दियों में कम नहाता है।<br>4. भालू सर्दियों में शीतल जल से कभी-कभी नहाता है। | |
| III | 'मधुमक्खियाँ उड़ती हैं।' वाक्य का **भाव वाच्य** भेद होगा -<br>1. मधुमक्खियाँ उड़ेंगी।<br>2. मधुमक्खियाँ उड़ सकती हैं।<br>3. मधुमक्खियों से उड़ा जाता है।<br>4. मधुमक्खियों से उड़ा नहीं जाता है। | |
| IV | 'छोटे हाथी से खेला जाता है'। **वाच्य भेद** पहचानिए है -<br>1. भाव वाच्य<br>2. कर्तृ वाच्य<br>3. कर्म वाच्य<br>4. करण वाच्य | |
| V | निम्नलिखित वाक्यों में से **कर्तृ वाच्य भेद** वाला वाक्य पहचानिए -<br>1. अनवर से टहला जाता है।<br>2. नेता जी द्वारा भाषण दिया जाता है।<br>3. बच्चों द्वारा उछल-उछलकर कूदा गया। | |

| | | |
|---|---|---|
| | 4. नेता जी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया । | |
| **प्रश्न5.** | **निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** | **4** |
| I | '**<u>मयंक</u>** ने बंदरों से अमरुद वापस ले लिए ।' - **रेखांकित पद का परिचय है -**<br>1. जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक<br>2. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंधवाचक<br>3. व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक<br>4. जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक | |
| II | मैं और मेरी बहन **<u>नित्य</u>** घूमने जाते हैं ।' - **रेखांकित पद का परिचय है -**<br>1. गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग 'घूमने जाता है' क्रिया की विशेषता<br>2. रीतिवाचक क्रिया विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग 'घूमने जाता है' क्रिया की विशेषता<br>3. अव्यय, स्थानवाचक क्रिया विशेषण, 'घूमने जाता है' क्रिया की विशेषता<br>4. अव्यय, कालवाचक क्रिया विशेषण, 'घूमने जाता है' क्रिया की विशेषता | |
| III | 'अब सभी व्यक्ति मास्क **<u>लगाते हैं</u>** ।' - **रेखांकित पद का परिचय है -**<br>1. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>2. अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>3. सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य<br>4. सकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृ वाच्य | |
| IV | 'बगीचे में **<u>रंग-बिरंगे</u>** फूल खिले हैं ।' - **रेखांकित पद का परिचय है -**<br>1. संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण'<br>2. गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण'<br>3. गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण'<br>4. संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, 'फूल विशेष्य का विशेषण' | |
| V | '**<u>हम</u>** प्रतिदिन योग और प्राणायाम करते हैं ।' - **रेखांकित पद का परिचय है -**<br>1. पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक<br>2. निजवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक<br>3. पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक<br>4. संख्यावाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक | |
| **प्रश्न6.** | **निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** | **4** |
| I | दुःख की अधिकता होने पर किस रस की निष्पत्ति होती है?<br>1. वीर<br>2. भयानक<br>3. अद्भुत<br>4. करुण | |
| II | जिस व्यक्ति के मन में स्थायी भाव उत्पन्न होता है, उसे कहते हैं -<br>1. आश्रय | |

| | |
|---|---|
| | 2. विषय<br>3. दास<br>4. उद्दीपन |
| III | श्रृंगार रस के दो भेद कौन से हैं -<br>1. आलंबन-उद्दीपन<br>2. अनुलोम-विलोम<br>3. संयोग-वियोग<br>4. उत्प्रेक्षा-अनुप्रास |
| IV | शांत रस का स्थाई भाव है ?<br>1. शोक<br>2. जुगुप्सा<br>3. निर्वेद<br>4. हास |
| V | "रे नृप बालक काल बस बोलत तेहि न संभार \|धनु ही सम त्रिपुरारि \|धनु विदित सकल संसार \|"<br>पंक्तियों में रस है-<br>1. हास्य<br>2. रौद्र<br>3. शांत<br>4. अद्भुत |

**पाठ्य पुस्तक**

**(14)**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न7.** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के रूप में सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए :-** | **5x1=5** |

आषाढ़ की रिमझिम है । समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है । कहीं हल चल रहे हैं; कहीं रोपनी हो रही है । धान के पानी-भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं । औरतें कलेवा लेकर मेंड़ पर बैठी हैं । आसमान बादल से घिरा, धूप का नाम नहीं । ठंडी पुरवाई चल रही । ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार-सी कर उठी । यह क्या है - यह कौन है! यह पूछना न पड़ेगा । बालगोबिनन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं । उनकी अंगुली एक-एक धान के पौधे को पंक्तिबद्ध खेत में बिठा रही है । उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर ! बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं; मेंड़ पर खड़ी औरतों के होंठ कांप उठते हैं, वे गुनगुनाने लगती हैं; हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं; रोपनी करनेवालों की अंगुलियां एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं ! बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू !

| | |
|---|---|
| I | प्रस्तुत गद्यांश में कहाँ का दृश्य प्रस्तुत किया गया है?<br>1. आषाढ़ के महीने में होने वाली संगीत मण्डली का |

| | | |
|---|---|---|
| | 2. फ़सल कटाई का<br>3. खेतों में धान की फसल रोप जाने का<br>4. बालगोबिन भगत की सभा का | |
| II | प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?<br>1. स्वयंप्रकाश<br>2. बालगोबिन भगत<br>3. यशपाल<br>4. रामवृक्ष बेनीपुरी | |
| III | बालगोबिन भगत का संगीत कैसा है ?<br>1. खिन्नता से भर देने वाला<br>2. प्रसन्नता को कम कर देने वाला<br>3. रोमांचित कर देने वाला<br>4. किसी की याद दिला देने वाला | |
| IV | 'हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं' पंक्ति का भाव है ?<br>1. वे गीत सुनकर प्रसन्नता से भर जाते हैं<br>2. उनके पैर दर्द से ऊपर उठने लगते हैं<br>3. पैर में काँटा लगने से दर्द होने लगता है<br>4. जल्दबाजी के कारण ऐसा होता है | |
| V | जादू किसका है ?<br>1. आषाढ़ का<br>2. बालगोबिन भगत का<br>3. संगीत का<br>4. धान की फ़सल लगाये जाने का | |
| **प्रश्न 8.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:-** | **2X1 =2** |
| I. | 'नेताजी का चश्मा' कहानी में मूर्ति पर असली चश्मा कौन लगा देता था ?<br>1. पानवाला<br>2. लेखक<br>3. कैप्टन<br>4. बच्चे | |
| II. | फ़ादर कामिल बुल्के से बात करना किस अनुभव के जैसा होता था?<br>1. एक सपने जैसा<br>2. कर्म के संकल्प से भरने जैसा<br>3. दुःख पहुँचाने वाला<br>4. आशीर्वाद देने जैसा | |

| प्रश्न9. | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के रूप में सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए :-** | **5x1=5** |
|---|---|---|

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए ।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए ।
इक अति चतुर हुते पहिले ही अब गुरुग्रंथ पढ़ाए ।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी जोग संदेश पठाए ।
ऊधौ भले लोग आगे के परहित डोलत धाए ।
अब अपने मन फेर पाइहैं चलत जु हुते चुराए ।
ते क्यों अनीति करैं आपुन जे और अनीति छुड़ाए ।
राजधरम तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहि सताए ॥

| | |
|---|---|
| I. | प्रस्तुत पद की भाषा क्या है ?<br>1. कन्नौजी<br>2. ब्रज<br>3. अवधी<br>4. मराठी |
| II. | गोपियों के अनुसार राजनीति किसने पढ़ ली है ?<br>1. उद्धव ने<br>2. गोपियों ने<br>3. सूरदास ने<br>4. श्रीकृष्ण ने |
| III. | योग का सन्देश किसने भेजा है ?<br>1. कंस ने<br>2. देवकी ने<br>3. कृष्ण ने<br>4. उद्धव ने |
| IV | 'बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी जोग संदेश पठाए' पंक्ति कौन किससे कह रहा है ?<br>1. उद्धव गोपियों से<br>2. सूरदास गोपियों से<br>3. गोपियाँ श्रीकृष्ण से<br>4. गोपियाँ उद्धव से |
| V | गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या है ?<br>1. प्रजा से कर लेना<br>2. प्रजा को न सताना<br>3. प्रजा को युद्ध के लिए तैयार रखना |

| | | |
|---|---|---|
| | 4. उपरोक्त सभी | |
| **प्रश्न10.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:-** | **2X1=2** |
| I. | लक्ष्मण ने धनुष टूट जाने का क्या कारण बताया ?<br>1. धनुष पहले से टूटा था<br>2. धनुष जानबूझकर राम ने तोड़ दिया<br>3. धनुष पुराना था जो छूते ही टूट गया<br>4. धनुष टूटने के बारे में अनभिज्ञता व्यक्त की | |
| II. | 'कन्यादान'कविता में 'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' से क्या अभिप्राय है ?<br>1. लड़की जैसी कमजोर होना<br>2. लड़की जैसी कोमल और कमजोर न होना<br>3. लड़कों के जैसे कपड़े पहनना<br>4. डर कर रहना | |

**खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| | **पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक** | **(20)** |
| **प्रश्न11.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:-** | **2X4 =8** |
| I. | हालदार साहब ने ऐसा क्यों सोचा कि अब नेताजी की मूर्ति पर चश्मा नहीं होगा ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए । | |
| II. | बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु के बाद किस प्रकार एक समाज सुधारक की भूमिका निभायी? | |
| III. | 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि नवाब साहब ने खीरे का सेवन कैसे किया? | |
| IV. | फ़ादर कामिल बुल्के किस प्रकार एक परंपरागत संन्यासी से अलग थे? 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर लिखिए । | |
| **प्रश्न 12.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए:-** | **2X3 =6** |
| I | 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की और संकेत करता है? | |
| II | फागुन की सुन्दरता किस प्रकार सम्पूर्ण वातावरण को नवीनता प्रदान कर देती; 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिये । | |
| III | लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषताएं बताई हैं ? 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर बताइए । | |
| **प्रश्न 13.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *2* के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:-** | **3X2 =6** |
| I. | 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर बताइए कि भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता था? | |
| II. | 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में मूर्ति की नाक लगाने के लिए मूर्तिकार ने कौन-कौन से प्रयास | |

| | | |
|---|---|---|
| | किये? | |
| III. | 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि देश की सीमा पर सैनिक किस प्रकार की कठिनाइयों से जूझते हैं ? उनके प्रति हमारा क्या दायित्व होना चाहिए ? | |

| **लेखन** | **20** |
|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न14.** | **निम्नलिखित में से किसी *1* विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:-**<br>1. **आलस्य : मनुष्य का महाशत्रु** (संकेत बिंदु - * आलस्य का कारण, * शत्रु कैसे है, * हानि व दुष्परिणाम)<br>2. **मीठी बोली का महत्त्व** (संकेत बिंदु - * वाणी की प्रभाव, कड़वी बोली का परिणाम, मीठी बोली का प्रभाव)<br>3. **कोरोना वायरस** (संकेत बिंदु - * कोरोना का संक्रमण, * बचाव के उपाय, * लॉकडाउन के सकारात्मक प्रभाव) | 1X5=5 |
| प्रश्न15. | कोरोना वायरस के मामलों को ध्यान में रखते हुए अपनी कॉलोनी की सुरक्षा के लिए नियमित सैनिटाइज करने की मांग करते हुए नगर आयुक्त को एक पत्र लिखिए ।<br>***अथवा***<br>छात्रावास में रहने वाले अपने छोटे भाई को 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखकर पढ़ाई के साथ- साथ नियमित रूप से योग और प्राणायाम का अभ्यास करते रहने के लिए प्रेरित करिए । | 1X5=5 |
| प्रश्न16. | नगर निगम की ओर से कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु आम लोगों में जागरूकता फ़ैलाने के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>***अथवा***<br>मास्क बनाने वाली स्वयंसेवी संस्था 'सखी' के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। | 1X5=5 |
| प्रश्न 17. | अपनी बड़ी बहन के पी.सी.एस. अधिकारी बनने पर उन्हें 30-40 शब्दों में बधाई सन्देश लिखिए ।<br>***अथवा***<br>दसवीं कक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर अपने प्रिय शिक्षक के लिए भावपूर्ण सन्देश 30-40 शब्दों में लिखिए । | 1X5=5 |